आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– जेन–ज़ी और जेन–अल्फा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।
- 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में कल 126 शिविरों का आयोजन किया गया।
- सरकार ने राज्य में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 167 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- रेलवे प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले के मद्देनज़र 30 दिसंबर से लालकुआं से प्रयागराज रामबाग तक विशेष रेलगाड़ी का संचालन करेगा।
- तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे महिला टी–20 क्रिकेट मैच में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से शिकस्त दी।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखते हुए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। नई दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि जेन–ज़ी और जेन–अल्फा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षण प्राणालियों पर केंद्रित है। यह व्यावहारिक शिक्षा पर बल देती है और समस्या–समाधान कौशल विकसित करती है।

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार"

"'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में कल 126 शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 64 हजार 960 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। शिविरों के माध्यम से 39 हजार 923 नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा 7 हजार 952 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।"

इसी क्रम में पिथौरागढ़ जिले की सभी 64 न्याय पंचायतों में चरणबद्ध रूप से बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि अब तक 6 न्याय पंचायतों में शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 3 हजार 805 नागरिकों ने सहभागिता की।

## विकास धनराशि

सरकार ने राज्य में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 167 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके तहत प्रदेश की कई सड़कों के सुधारीकरण और पुनर्निर्माण के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों की मरम्मत, हर की पैड़ी क्षेत्र के विकास तथा कई मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है।

इसके अलावा, मसूरी विधानसभा क्षेत्र के पुरूकुल में निर्माणाधीन सैन्यधाम तथा मसूरी रोपवे के लोअर टर्मिनल तक पहुंचने वाले प्रमुख सड़क मार्गों के डेढ़ लेन में उच्चीकरण का कार्य किया जाएगा। वहीं, चंपावत जिले के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कामाज्यूला–रैघाड़ी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण और सुधारीकरण के लिए 7 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## स्वच्छ सुंदर एवं क्लीन हरिद्वार

तीर्थ नगरी हरिद्वार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पूरे जिले में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिले को स्वच्छ, सुंदर और मॉडल बनाने के लक्ष्य के साथ पिछले एक माह से जारी इस अभियान का प्रभाव अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जिलाधिकारी मयूरी दीक्षित का कहना है कि वे स्वयं स्वच्छता अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## माघ मेला

रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले के लिए विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 30 दिसंबर को नैनीताल जिले के लालकुआं से प्रयागराज रामबाग तक एक विशेष रेलगाड़ी चलाई जाएगी। सोलह बोगियों वाली यह विशेष रेलगाड़ी लालकुआं से दोपहर तीन बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह सवा दस बजे प्रयागराज रामबाग पहुंचेगी।

## लघु सिंचाई संगणना

पौड़ी जिले में उपलब्ध लघु, माध्यम और वृहद सिंचाई संरचनाओं तथा प्राकृतिक जलस्रोतों का सटीक डाटा तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि इस पहल से जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि स्प्रिंग संगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सूखते जलस्रोतों के संरक्षण और उनके पुनर्जीवन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि सातवीं लघु सिंचाई संगणना भविष्य के संसाधन प्रबंधन का सटीक आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नींबू–माल्टा महोत्सव

अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय नींबू–माल्टा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में उद्यान विभाग तथा विभाग से पंजीकृत समूहों के किसानों और काश्तकारों ने प्रतिभाग किया और नींबू व माल्टा की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई।

इस अवसर पर जिले के मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस नींबू–माल्टा वर्गीय फल महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य किसानों को फल उत्पादन और वैज्ञानिक खेती के प्रति प्रेरित करना है।

अल्मोड़ा निवासी प्रीति भंडारी का कहना है कि उन्हें महोत्सव के माध्यम से वे अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने अच्छा अवसर मिला है।

महिला क्रिकेट

तिरुवनंतपुरम में तीसरे महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 112 रन ही बना सकी। भारत ने ये लक्ष्य 13.2 ओवरों में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत के लिए शेफाली ने अर्धशतक जमाया। इसके साथ ही भारत ने 3–0 की अजेय बढ़त बना ली है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के नौनिहालों से संवाद की खबर को सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– वैभव व शवन सहित 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार।

बारिश– बर्फबारी न होने से बढ़ी परेशानी, कोहरे से यातायात भी प्रभावित– हिन्दुस्तान इस शीर्षक के साथ लिखता है– बारिश और बर्फबारी न होने से इस समय उत्तराखंड सूखी ठंड की चपेट में।

देहरादून एयरपोर्ट के विस्तारीकरण पर उमर उजाला लिखता है– अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का प्रस्ताव दिल्ली भेजा गया।

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझोते पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– मुक्त व्यापार समझौते से भारत ब्रिटेन संबंधों को मिली नई गति